सूचना का अधिकार/रजिस्टर्ड

संख्या- 31/सू.अ.02/84-1-2014

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव/जन सूचना अधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपनियंत्रक/जन सूचना अधिकार,
विधिक माप विज्ञान विभाग
उ0 प्र0 लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 16 जनवरी,2014

विषय- जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री ब्रिजेश कुमार सिंह, विकास खण्ड-3 गोमती नगर, लखनऊ के पत्र दिनांक 10.01.2014 (मय संलग्न) की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आवेदक द्वारा मागी गयी सूचनाओ का संबंध आपसे है। अत: जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा-6(3) के तहत प्रकरण आपको इस अनुरोध के साथ आन्तरित किया जाता है कि आवेदक द्वारा मागी गयी सूचना समयान्तर्गत आवेदक को उपलब्ध कराते हुए, भेजी गई सूचना की प्रति शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि। भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव/जनसूचना अधिकारी।

संख्या तथा दिनांक उपरोक्त

प्रतिलिपि श्री ब्रिजेश कुमार सिंह, विकास खण्ड-3 गोमती नगर, लखनऊ को उनके उक्त संदर्भित पत्र के संदर्भ में इस आशय से प्रेषित कि प्रकरण विधिक माप विज्ञान विभाग लखनऊ से संबंधित है, अत: सूचना उपनियंत्रक विधिक माप विज्ञान लखनऊ से प्राप्त करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव/जनसूचना अधिकारी।

संख्या तथा दिनांक उपरोक्त

खाद्य एवं रसद (लेखा) अनुभाग को पोस्टल आर्डर सं-17एफ. 583533 रू0 10/- दिनांक 10.01.2014 को मूलरूप में संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे राजकोष में जमा कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि। आज्ञा से,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव/जनसूचना अधिकारी।

http://shasanadesh.up.nic.in